# पूरन की तूफानी पारी से आरसीबी पस्त लखनऊ की अंतिम गेंद पर 'सुपर' जीत

**बेंगलुरु( एजेंसी ) । प्लेयर ऑफ द मैच निकोलस पूरन की तूफानी बल्लेबाजी के सहारे सोमवार रात लखनऊ सुपर जाएंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को एक विकेट से हराकर टूर्नामेंट में तीसरी जीत हासिल कर ली है। इस जीत के साथ ही यह टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। लखनऊ सुपर जाएंट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ के सामने 213 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में लखनऊ ने नौ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। लखनऊ की शुरुआत बेहद खराब थी। 23 रन पर टीम के तीन विकेट गिर गए थे।**

इसके बाद मार्कस स्टोइनिस ने 30 गेंद में 65 रन की पारी खेल। लखनऊ की मैच में वापसी कराई। इसके बाद निकोलस पूरन ने 19 गेंद में 62 रन बनाकर अपनी जीत को जीत के करीब ला दिया। हालांकि, वह 17वें ओवर में आउट हो गए और 19वें ओवर में आयुष बदोनी भी हिट विकेट हो गए। इसके बाद आखिरी ओवर में पुछल्ले बल्लेबाजों ने लखनऊ को जीत दिलाई। आखिरी गेंद में आवेश खान ने बाई का एक रन लिया और यही हार जीत का अंतर साबित हुआ। निकोलस पूरन आरसीबी के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए सिर्फ 15 गेंद में पचासा जड़ दिया। 16वें सीजन में यह किसी भी बल्लेबाज के द्वारा लगाया सबसे तेज अर्द्धशतक भी है। पुरन ने 19 गेंद में 62 रनों की पारी खेली जिसमें उन्होंने 7 गगनचुंबी छक्के और 4 बेहतरीन छक्के भी लगाए। निकोलस पूरन उस समय लखनऊ के लिए बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरे जब टीम ने 105 रन के स्कोर पर अपने 5 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद पूरन ने जिस तरह की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी उससे मैच पूरी तरह से लखनऊ के पक्ष में आ गया था। पुरन ने 16वें ओवर की छठी गेंद पर आउट हुए। उस दौरान



टीम का स्कोर 189 रन हो चुका था। इस तरह टीम को 18 गेंद में जीत के लिए सिर्फ 24 रन की दरकार बची थी।

निकोलस पूरन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में सिर्फ 15 गेंद में अर्द्धशतक पूरा कर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह कीर्तिमान अजिंक्य रहाणे के नाम था जिन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सिर्फ 19 गेंद में अर्द्धशतक पूरा कर लिया। वहीं तीसरे नंबर पर कोलकाता नाइट राइडर्स के शार्दुल ठाकुर हैं जिन्होंने आरसीबी के खिलाफ 20 गेंद में पचासा जड़ गिया। वहीं गुजरात टाइटंस के विजय शंकर और लखनऊ सुपरजाइंट्स के ही कायल मेयर्स ने भी 21-21 गेंद में अर्द्धशतक जड़ चुके हैं। पूरन पूरे आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज अर्द्धशतक भी जड़ा है। आईपीएल में केएल राहुल और पैट कमिंस 14 गेंदों अर्द्धशतक लगाकर सबसे तेज अर्द्धशतक के मामले में पहले स्थान पर हैं। वहीं अब निकोलस पूरन सबसे तेज अर्द्धशतक के मामले में युसूफ पठान, सुनिल नारायण के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर आ चुके हैं।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी के लिए ओपनिंग करने आये विराट कोहली ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी की और कप्तान फाफ डू प्लेसी के साथ मिलकर पावरप्ले में ही 56 रन जड़ दिए। कोहली का अलग ही अंदाज देखने को मिला और उन्होंने सीजन का अपना दूसरा अर्द्धशतक पूरा किया। उन्होंने 44 गेंदों में चार चौके और चार छक्के की मदद से 61 रन बनाये और 96 के स्कोर पर आउट हुए। उनके जाने के बाद डू प्लेसी ने मोर्चा संभाला और ग्लेन मैक्सवेल ने भी उनका साथ दिया। आरसीबी के कप्तान ने 35 गेंदों में और मैक्सवेल ने 24 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया। वहीं आरसीबी ने 19वें ओवर में 200 रन पूरे किये। आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में मैक्सवेल अपना विकेट गंवा बैठे और 59 के निजी स्कोर पर उनकी पारी समाप्त हुई। डू प्लेसी अंत तक नाबाद रहे और 46 गेंदों में 79 रन बनाये। उनकी पारी में पांच चौके और पांच छक्के शामिल रहे। लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से अमित मिश्रा और मार्क वुड को एक-एक सफलता मिली।

### आईपीएल इतिहास में सबसे तेज अर्द्धशतक

केएल राहुल (किंग्स इलेवन पंजाब) 14 गेंद, पैट कमिंस (कोलकाता नाइट राइडर्स) 14 गेंद, युसूफ पठान (कोलकाता नाइट राइडर्स )15 गेंद, सुनिल नारायण (कोलकाता नाइट राइडर्स) 15 गेंद, निकोलस पूरन (लखनऊ सुपर जायंट्स) 15 गेंद ।

### स्कोर बोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** कोहली कै.स्टॉयनिस बो. मिश्रा 61,डुप्लेसी नाबाद(नाबाद) 79, मैक्सवेल बो. वुड 59, कार्तिक (नाबाद) 1, **अतिरिक्त** 12, **कुल** (20 ओवर में) 2 विकेट पर 212 रन । **विकेट पतनः** 1-96, 2-211। **गेंदबाजीः** उनादकट 2-0-27-0, आवेश 4-0-53-0, क्रुणाल 4-0-35-0, वुड 4-1-32-1, बिश्नोई 4-0-39-0, अमित मिश्रा 2-0-18-1।

**लखनऊ सुपर जायंट्सः** मेयर्स बो. सिराज 0, राहुल कै. कोहली बो. सिराज 18, हुड्डा कै. कार्तिक बो. पर्नेल 9, कार्तिक बो. पर्नेल 0, स्टॉयनिस कै. शाहबाज बो. कर्ण 65, पूरन कै. शाहबाज बो. सिराज 62,बदोनी (हिट विकेट) बो. पर्नेल 30, उनादकट कै. डुप्लेसी बो. हर्षल 9, वुड बो.हर्षल 1, बिश्नोई (नाबाद) 3,आवेश (नाबाद) 0, **अतिरिक्त** 16, **कुल** (20 ओवर में) 9 विकेट पर 213 रन । **विकेट पतनः** 1-1, 2-23), 4-99, 5-105, 6-189,7-206,8-209, 9-212 । **गेंदबाजीः** सिराज 4-0-22-3, विली 4-0-32-0, पर्नेल 4-0-41-3, हर्षल 4-0-48-2,कर्ण शर्मा 3-0-48-1, शाहबाज 1-0-15-0 ।

## खाता खोलने के इरादे से आज उतरेंगी दिल्ली और मुंबई की टीमें

*नई दिल्ली ( एजेंसी )। लगातार तीन हार से निराश दिल्ली कैपिटल्स की टीम मंगलवार को यहां जब मुंबई इंडियन्स के खिलाफ उतरेगी तो दोनों ही टीमों की नजरें इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में अपने अंकों का खाता खोलने पर टिकी होंगी। दिल्ली ने अपने अभियान की शुरुआत जहां हार की हैट्रिक के साथ की है तो वहीं मुंबई इंडियन्स को भी शुरुआती दो मैच में हार का सामना करना पड़ा है और वह हार की हैट्रिक से बचने की कोशिश करेगा। अंक तालिका में निचले पायदानों पर चल रही दिल्ली और मुंबई दोनों ही टीमों को संतुलित टीम संयोजन बनाने के लिए जूझना पड़ रहा है। दिल्ली ने अपनी एकादश में लगातार बदलाव किए हैं लेकिन टीम जीत की राह नहीं पकड़ पाई है। दिल्ली को अपने करिश्माई कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की कमी साफ तौर पर खल रही है। पंत कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में टीम बीच के ओवरों में रन गति में इजाफा करने के लिए जूझ रही है जबकि विकेटकीपर के रूप में उसने पहले मैच में सरफराज खान और बाकी दो मैच में इशान पोरेल को मौका दिया जिन्हें बड़े मुकाबलों में विकेटकीपिंग का अधिक अनुभव नहीं है। सरफराज तो घरेलू स्तर पर भी विकेटकीपिंग नहीं करते। दिल्ली को अब तक तीनों मैच में एकतरफा हार का सामना करना पड़ा है। उसे पहले मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स ने 50 रन से हराया जबकि अगले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ छह विकेट से शिकस्त झेलनी पड़ी। पिछले मैच में रॉयल्स के खिलाफ भी टीम को 57 रन की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। कप्तान डेविड वार्नर (तीन मैच में 158 रन) अच्छी फॉर्म में नजर आ रहे हैं लेकिन वह अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं कर पाए हैं और अब तक सिर्फ 117 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाए हैं।*

## त्रिपाठी की फॉर्म टीम के लिए अच्छा संकेत : मार्करम

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** नराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्करम ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 74 रन की मैच-जिताऊ पारी खेलने वाले बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी की तारीफ करते हुए कहा है कि उनकी फॉर्म टीम के लिये अच्छा संकेत है। पंजाब ने रविवार शाम के मुकाबले में सनराइजर्स के सामने 144 रन का लक्ष्य रखा था, जिसका पीछा करते हुए मार्करम की टीम ने 45 रन पर दो विकेट गंवा दिये। राहुल ने इसके बाद सनराइजर्स की पारी को संभाला और कप्तान एडेन मार्करम के साथ 100 रन की नाबाद साझेदारी करके अपनी टीम को आठ विकेट की जीत दिलाई। मार्करम ने मैच के बाद यहां संवाददाताओं से कहा कि राहुल ने बिल्कुल अपनी ही तरह की पारी खेली। वह शानदार लय में थे। मैंने उनसे शुरुआत में बात की और उन्होंने कहा कि वह थोड़ा संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन एक बार पिच पर पांव जमाने के बाद उन्होंने गेंदबाजों पर दबाव बनाया। मैं उनके लिए खुश हूं। वह बल्लेबाजी क्रम पर से काफी दबाव हटा लेते हैं और उनका फॉर्म में होना हमारे लिये अच्छा संकेत है। यह आईपीएल के इस सीजन में सनराइजर्स की पहली जीत थी, जबकि पिछले दो मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा था। मार्करम ने कहा कि वह इस मैच में अपनी योजनाओं को लागू कर पाये, जो सनराइजर्स हैदराबाद में बतौर कप्तान उनकी पहली जीत का कारण बना। मार्करम ने कहा, '' यह कहना मुश्किल है कि पिछले मैचों से इस मैच में क्या बदला, लेकिन हम अपनी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू कर पाये।




## 100 मैचों में से एक ही बार ऐसी जीत मिलती हैः राणा

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम ओवर में कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह ने लगातार पांच छक्के के लगातार अपनी टीम को इस सीजन की दूसरी जीत दिला दी। हालांकि कोलकाता के कप्तान नीतीश राणा मानते हैं कि 100 में से एक बार ही ऐसा होता है जब आपको ऐसे मुकाबले में जीत मिलती है। लेकिन रिंकू ने इसे संभव कैसे किया? उनके पास एक ही जवाब है, मैं सिर्फ गेंदों को हिट करता रहा। अंतिम ओवर की पहली गेंद पर उमेश यादव द्वारा सिंगल लेने से स्ट्राइक पर पहुंचे रिंकू ने यश दयाल की अंतिम पांच गेंदों पर पांच छक्के जड़ दिए और कोलकाता ने 205 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में रिंकू ने कहा कि ईमानदारी से बताऊं तो मैं अधिक सोच नहीं रहा था, बस हर गेंद पर रिएक्ट कर रहा था। मैंने यह सोचा नहीं था कि मैं पांच छक्के लगा दूंगा, मैं सिर्फ गेंदों को हिट करता रहा, मुझे खुद पर भरोसा था और हम मैच जीत गए। रिंकू ने कहा कि मुझे भीतर से इसे संभव कर पाने का विश्वास था क्योंकि पिछले साल भी मैंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ ऐसी ही पारी खेली थी।




## बीसीसीआई के अधिकारियों को अब विदेशी दौरे पर मिलेंगे रोजाना एक हजार डॉलर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई ) के पदाधिकारी को अब विदेश दौरों पर रोजाना एक हजार डॉलर का भत्ता मिलेगा और वह प्रथम श्रेणी में यात्रा करने का हकदार होगा। बीसीसीआई के पदाधिकारियों के भत्ते में इजाफे के प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए रविवार को शीर्ष परिषद की बैठक में रखा गया लेकिन यह पिछले साल अक्टूबर से प्रभावी है।**

सात साल से अधिक समय बाद दैनिक भत्तों में इजाफा हुआ है। इससे पहले दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड के पदाधिकारियों को विदेश दौरे पर प्रति दिन 750 डॉलर मिलते थे। बीसीसीआई के दस्तावेज के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव सहित पदाधिकारियों को भारत में बैठक के लिए 40 हजार रुपये प्रतिदिन और बिजनेस क्लास में सफर की सुविधा मिलेगी। काम के सिलसिले में यात्रा के लिए उन्हें प्रतिदिन 30 हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा। घरेलू और विदेश दौरों पर उनके लिए 'सुइट' कमरा बुक किया जाएगा। आईपीएल अध्यक्ष के भत्तों को भी पदाधिकारियों के वर्ग में डाला गया है। भारतीय क्रिकेट संघ के दो प्रतिनिधियों सहित बीसीसीआई की शीर्ष परिषद के सदस्यों को उनकी प्रत्येक तिमाही में होने वाली बैठक के लिए प्रतिदिन 40 हजार रुपये मिलेंगे। उन्हें विदेश दौरे पर 500 डॉलर दिए जाएंगे। हालांकि आम तौर पर विदेश दौरे पर काम के लिए पदाधिकारी यात्रा करते हैं। बोर्ड ने अपने राज्य संघों के सदस्यों के भत्तों में भी संशोधन किया है। उन्हें अब घरेलू यात्रा के दौरान 30 हजार रुपये प्रतिदिन और विदेश यात्रा पर 400 डॉलर प्रतिदिन मिलेंगे। पुरुष और महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए मुख्य कोच का चयन करने वाली क्रिकेट सलाहकार समिति के तीन सदस्यों को प्रत्येक बैठक के लिए साढ़े तीन लाख रुपये दिए जाएंगे। इनके मामले में विदेश यात्रा की संभावना नहीं है लेकिन अगर ऐसा होता है तो उन्हें प्रतिदिन 400 डॉलर का भुगतान होगा। बीसीसीआई के पदाधिकारी का पद मानद होता है। सीईओ जैसे बीसीसीआई के वेतन भोगी कर्मचारी को विदेश दौरे पर प्रतिदिन 650 डॉलर और भारत में प्रतिदिन 15 हजार रुपये भत्ता मिलता है।

## केकेआर से जुड़ा बांग्लादेश का धाकड़ बल्लेबाज लिटन दास

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल2023 के अभियान की शुरुआत भले ही हार सी की हो लेकिन पिछले दो मुकाबलों में इस टीम ने अपना शानदार खेल दिखाते हुए जीत प्राप्त की है। केकेआर का अगला मुकाबला 14 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होगा लेकिन उससे पहले टीम नाइट राइडर्स से बांग्लादेश के दिग्गज खिलाड़ी लिटन दास जुड़ गए हैं। केकेआर ने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी है और बताया है कि लिटन दास पहुँच गए हैं। पिछले साल हुए आईपीएल के मिनी ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने लिटन दास को उनके बेस प्राइस 50 लाख रुपए में खरीदा था और अपनी टीम में शामिल किया था। केकेआर ने लिटन दास के पहुँचने के फोटो साझा किये हैं और कैप्शन में लिखा है कि, पौचे गेचे , लिटन दा। बांग्लादेशी क्रिकेट फैन्स और केकेआर के समर्थकों ने उनका स्वागत कमेन्ट करते हुए किया है। कोलकाता नाइटराइडर्स अपने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी की समस्या से गुजर रही है।



## एशियाई कुश्ती के पहले दिन भारत ने जीते तीन पदक

**अस्ताना ( एजेंसी )।** भारत ने एशियाई सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप (ग्रीको-रोमन प्रतियोगिता) के पहले दिन एक रजत और दो कांस्य पदक जीतकर आयोजन की शुरुआत की है। रूपिन ने रविवार को शुरु हुई प्रतियोगिता के 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जबकि नीरज ने 63 किग्रा वर्ग में और सुनील कुमार ने 87 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीते। रूपिन को स्वर्ण पदक के लिये ईरान के दाद मर्ज़ का सामना करना था। जगरेब ओपन चैंपियन मर्ज ने 3-1 से जीत दर्ज करके स्वर्ण हासिल किया। इससे पूर्व, रूपिन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और 2022 के रजत पदक विजेता कजाकिस्तान की अमंगली बेकबोलातोव को क्वार्टर फाइनल में मात दी थी। सेमीफाइनल में रूपिन ने चीन के हैफेंग झांग को 3-1 से हराया था। दूसरी



ओर, नीरज ने 63 किग्रा वर्ग में कोरिया के जिनसेब सोंग को 5-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय के लिये दूसरा कांस्य सुनील कुमार ने जीता, जिन्होंने 87 किग्रा वर्ग में जापान के मासाटो सुमी को 4-1 से शिकस्त दी।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम NAVIN KUMAR AGRAWAL था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर NAVIN AGRAWAL हो गया है। अतः भविष्य में अब मुझे मेरे नये नाम NAVIN AGRAWAL S/O MADAN GOPAL AGRAWAL से जाना व पहचाना जाए।
**ADDRESS :** SS House, NH Bhopal Road, Kurawar, Rajgarh (M.P.) - 465667
1134

### कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा, (म.प्र.)
### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

**क्रमांक 2115/जलप्रदाय/2023** **विदिशा दिनांक 04.04.2023**

नगर पालिका परिषद् विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदाओं का आमंत्रण किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | निविदा क्र. | ई-टेण्डर नं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनु-मानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2115 | 2023_UAD_265980_1 | Supply of public Works maintenance material. | 2000000.00 | 15000.00 | 2000.00 | Financial year 2023-24 | 08/05/2023 |

1. निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी https:/www.mptenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेबसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्, विदिशा**

### कार्यालय तहसीलदार नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल

प्रकरण क्रमांक /अ-6/22-23

**आम सूचना**

आवेदक श्री मनमोहन अग्रवाल आ. श्री रघुनंदन अग्रवाल के द्वारा आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र वसीयतनामा की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण-पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर ग्राम नरेला शंकरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 115/2/10 रकबा 10890 वर्गफिट भूमि जो कि आवेदक की पत्नि स्व. श्रीमति सुधा अग्रवाल के स्वत्व व स्वामित्व की है। आवेदक की पत्नि की मृत्यु दिनांक 28.10.2016 को हो चुकी है। आवेदक की पत्नि के द्वारा अपने जीवनकाल में एक रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 12.09.2016 को किया था। जिसमें उन्होंने अपनी उपरोक्त संपत्ति आवेदक को वसीयत कर दी थी। अतः आवेदक के द्वारा उक्त वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण कराने का निवेदन किया है। अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 07 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा। मेरी पदमुद्रा से आज दिनांक 10.04. 2023 से जारी।

**तहसीलदार**
**एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी**
1132 **नजूल वृत्त गोविंदपुरा भोपाल**

### In the Court of XI Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal

Presiding Officer : **प्रियांक दुबे**
(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC0000220/2022)
राजकुमारी सितारे ....... आवेदक VS
भोपाल मेमोरियल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा प्रबंधक महोदय ...... आवेदक
**Process ID/2023** पेशी दि.: 01/05/2023

**प्रेषिती-1.** (1) सर्वसाधारण पता-भोपाल मप्र (2) आम जनता। आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमारी सितारे पता ने मृतक स्व. आशीष कुमार सितारे निवासी म.नं.93 रिसालदार कॉलोनी छोला रोड भोपाल की ...........राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 01 May 2023 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 01 May 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 05 April 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। यह आज यह आज तारीख 05 April 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दे** : यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

**प्रियांक दुबे, नवम् व्यवहार न्यायाधीश**
1133 **वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)**

### कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड विदिशा (म. प्र.)

Mail ID :- eephvid@mp.nic.in Fax No. :- 07592-250663 Telephon No :- 07592-250663 VIDISHA 464001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/नि.प्र./लोस्वायाँवि / खण्ड विदिशा 2023-24/दिनांक 05.04.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

विदिशा जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में 150/125/115 मि.मी. व्यास के औसतन 90 मीटर गहरे निम्नानुसार संख्या में नलकूपों के खनन एवं अन्य सम्बंधित कार्यों हेतु निविदा आनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 19.04.2023 को सायः 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते है । निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| सं. क्र | टेण्डर आई.डी क्रमांक | जिला | नलकूपों की संख्या | अनुमानित लागत (PAC) (रू. में) | धरोहर राशि (EMD) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा का आमंत्रण | ठेकेदारे की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_PHED_265552_1 | विदिशा | 60 | 3872934.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस वर्षा ऋतु सहित | प्रथम | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | 2023_PHED_265593_1 | विदिशा | 60 | 3872934.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस वर्षा ऋतु सहित | प्रथम | |

**(एस.के. साल्वे) कार्यपालन यंत्री,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**खण्ड विदिशा (म.प्र.)**
**जी-11310/23**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद खरगोन जिला खरगौन (म.प्र.)

**दूरभाष (कोड-07282) 231333 फैक्स-21333**-E-Mail: cmokhargone@gmail.com

निविदा सूचना क्रमांक/3952/MCK/ई-टेंडर/2023 खरगोन, दिनांक 6/4/23

**द्वितीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| कं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं धरोहर | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2023_UAD_26579_1 date-06.04.2023 | नगर पालिका परिषद खरगोन को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत शहरी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं कचरा निपटान ईकाई पर डम्प साईड पर पड़े हुए पुराने कचरे निस्तारण (बॉयोरेमेडिएशन) का कार्य करवाया जाना। | 1. 6 माह 2. 5,19,49,765/- | 1. 20,000/- 2. 2,59,749/- | 21.04.23 |

**नोट:-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड़ पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**(छाया जोशी)** अध्यक्ष न.पा.परिषद खरगोन
**(श्रीमती पूजा जितेन्द्र चौपड़ा)** सभापति स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन न.पा. परिषद, खरगोन
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी** न.पा. परिषद, खरगोन